बीरबहूटी - गतिविधियाँ

उत्तर लिखें:

1. 'बीरबहूटी' किस विधा की रचना है? (विधा - discourse, വ്യവഹാരരൂപം)
   बीरबहूटी एक कहानी है।
2. 'बीरबहूटी' के रचनाकार कौन हैं? (रचनाकार – रचयिता, author)
   बीरबहूटी के रचनाकार प्रभात हैं।
3. बेला और साहिल स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। क्यों?
   बेला और साहिल स्कूल यात्रा के बीच में खेत में बीरबहूटियाँ ढूँढते थे। इसलिए वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे।
4. बीरबहूटी की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
   बीरबहूटियाँ सुर्ख, मुलायम और गदबदी होती हैं।
5. बेला और साहिल कैसे बीरबहूटियों को खोजा करते थे? (खोजना - തേടുക)
   बेला और साहिल एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर बीरबहूटियाँ खोजते थे।
6. साहिल ने पैन में बची स्याही ज़मीन पर क्यों छिड़क दिया था?
   (पैन में बची स्याही - പേനയിൽ ബാക്കിയായ മഷി, छिड़क देना - കുടഞ്ഞുകളയുക)
   साहिल बेला के साथ पैन में स्याही भरवाने के लिए दुकान जा रहा था। इसलिए उसने पैन में बची स्याही ज़मीन पर छिड़क दी।
7. साहिल अपनी कलम में स्याही क्यों नहीं भर सका?
   दुकान में स्याही की बोतल खाली हो गई थी। इसलिए साहिल कलम में स्याही भरवा नहीं पाया।
8. क्लास में बेला और साहिल कैसे बैठते थे?
   क्लास में बेला और साहिल पास-पास बैठते थे।
9. गणित के माटसाब से बच्चे क्यों बहुत डरते थे?
   सुरेंदर माटसाब ज़रा-सी गलती पर बच्चों की किताबें फेंक देते थे और बुरी तरह मारते थे। इसलिए बच्चे उनसे डरते थे।
10. सुरेंदर जी ने बेला के बालों में क्यों पंजा फँसाया था?
    (बालों में पंजा फँसाना - മുടിയിലെ പിടിക്കുക)
    कॉपी जाँचते समय ज़रा-सी गलती पर सुरेंदर माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया।
11. 'बेला का मन बहुत खराब हो गया'- क्यों?
    बेला का मन बहुत खराब हो गया। क्योंकि साहिल के सामने माटसाब से दंड पाना नहीं चाहता था।
12. बेला को बच्चे क्यों चिढ़ा रहे थे? (चिढ़ाना - കളിയാക്കുക, ശുണ്ഠിപിടിപ്പിക്കുക)
    बेला के सिर पर चोट लगने के कारण सफ़ेद पट्टी बाँधी थी। इसलिए बेला को बच्चे चिढ़ा रहे थे।
13. बेला के सिर पर चोट कैसे लगी थी?
    बेला छत पर गिरी थी। इसलिए उलके सिर पर चोट लगी थी।
14. साहिल ने क्यों कहा कि 'नहीं खेलेंगे'?
    छत पर गिरने से बेला के सिर पर चोट लगी थी। इसलिए साहिल ने कहा कि 'नहीं खेलेंगे'।

15. बेला और साहिल कहाँ लंगडी टाँग खेले?

बेला और साहिल गाँधी चौक की बालू में पूरी खेल घंटी लंगड़ी टाँग खेले।

16. साहिल की पिंडली में चोट कैसे लगी?

साहिल स्टूल पर चढ़कर नीम की डाली पकड़कर झूम रहा था। अचानक टूटे स्टूल की कील लगकर पिंडली में चोट लग गई।

17. बेला अगले साल कहाँ पढ़नेवाली थी?

बेला अगले साल राजकीय कन्या पाठशाला में पढनेवाली थी।

18. साहिल अगले साल कहाँ पढ़नेवाला था?

साहिल अगले साल अजमेर में हॉस्टल में रहकर पढ़नेवाला था।

19. बेला और साहिल मुस्कुरा रहे थे। लेकिन आँखें भरी थीं। क्यों? (आँखें भरना - കണ്ണ് നിറയുക)

परीक्षा पास होने से बेला और साहिल खुश थे। लेकिन अगले साल दोनों अलग-अलग स्कूलों में पढ़नेवाले होने के कारण बहुत दुखी भी थे।

20. रिज़ल्ट आने पर बेला और साहिल क्यों उदास थे? (उदास – दुखी)

अगले साल बेला और साहिल दोनों अलग-अलग स्कूलों में पढ़नेवाले थे। इसलिए दोनों उदास थे।

रवि. एम.